समाचार
लोक सुराज अभियान
02 मई को सीतामणी व स्याहीमुड़ी में लगाए गए शिविर
(महापौर ने शिविरों में पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं, की आमजन से मुलाकात)

कोरबा 02 मई 2016 –शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लोक सुराज अभियान 2016 के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया गया है। आज 02 मई को सामुदायिक भवन सीतामणी एवं सार्वजनिक पण्डाल स्याहीमुड़ी वार्ड क्र. 45 में शिविर लगाया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त दोनों शिविरों में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए शिविर की कार्यवाहियों का अवलोकन किया, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार आयुक्त ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में लोक सुराज अभियान 2016 के अंतर्गत निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में शिविरों के आयोजन तथा इन शिविरों में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं, पेयजल, साफ–सफाई, विद्युत संधारण सहित निगम के अन्य कार्यो व सेवाओं से संबंधित शिकायतों का यथासंभव स्थल पर ही निराकरण तथा संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होने इस हेतु विभिन्न शिविरों हेतु स्थलों का निर्धारण कर प्रभारी अधिकारी एवं उप प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। निगम के कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. शर्मा, लोक सुराज अभियान नगर पालिक निगम कोरबा के नोडल अधिकारी होंगे। आयुक्त ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निर्धारित स्थलों पर प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर लगाए जाए, प्रभारी अधिकारी आवश्यकतानुसार अधिनस्थ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं तथा शिविरों में आने वाले नागरिकों से प्राप्त प्रकरणों व शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करायें।

महापौर ने शिविर में पहुंचकर की आमजन से मुलाकात– निगम के कोरबा जोनांतर्गत सामुदायिक भवन सीतामणी एवं दर्री जोनांतर्गत वार्ड क. 45 स्याहीमुड़ी में आज शिविर आयोजित किए गए। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त दोंनों शिविरों में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए शिविर में पहुंचे नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान महापौर ने शिविर के प्रभारी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वे शिविर में पहुंचे नागरिकों के आवेदन पत्र प्राप्त करें तथा नागरिकों द्वारा की गई मांग एवं उनके समस्याओं के निराकरण के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उक्त दोनों शिविरों में आज विभिन्न कार्यो से संबंधित कुल 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व के 02, खाद्य एवं राशन कार्ड के 10, संपदा के 01, सम्पत्तिकर के 01, निर्माण के 23, विद्युत से संबंधित 14,आबकारी 01, एन.टी.पी.सी. 01, शिक्षा विभाग 01, अतिक्रमण 01, जलकर 01, स्वच्छता 02, जलप्रदाय 04 तथा श्रम विभाग से संबंधित 04 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

शिविरों में जल संरक्षण पर लोगों को किया गया जागरूक– लोक सुराज अभियान के अंतर्गत आयोजित उक्त शिविरों में पहुंचे नागरिको को अधिकारियों ने जल संरक्षण की महत्ता एवं जल संरक्षण के उपायों के संबंध में विशेष जानकारी दी तथा आमजन से आग्रह किया कि वे पानी बचाने के इस महाअभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता दें, पानी के अपव्यय को रोकने में सहयोग दें। यहां उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा लोक सुराज अभियान के साथ–साथ जल संरक्षण अभियान का संचालन भी किया जा रहा है, निगम द्वारा जल संरक्षण पर आधारित विशेष रथ तैयार कर इस रथ के माध्यम से जल संरक्षण पर जनजागरूकता लाने एवं कला जत्था के माध्यम से नुक्कड़ नाटकों के द्वारा आमजन को प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। आज कला जत्था के द्वारा सीतामणी चौक कोरबा पुराने शहर एवं मुड़ापार साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से जल संरक्षण पर जनजागरूकता का कार्य किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर लगेंगे शिविर– लोक सुराज अभियान 2016 के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों शिविरों के आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल निर्धारित कर लिये गये हैं। जारी आदेश के अनुसार 03 मई को सामुदायिक भवन तुलसीनगर में एवं सामुदायिक भवन आनंद नगर वार्ड क. 57 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 04 मई को वार्ड क. 17 दुर्गा पण्डाल पथर्रीपारा, 05 मई को वार्ड क. 41 सार्वजनिक मंच कांजीघर के समीप, 09 मई को जोन कार्यालय कोरबा, 16 मई को सामुदायिक भवन मुड़ापार, 17 मई को वार्ड क. 24 दशहरा मैदान सामुदायिक भवन में, 18 मई को वार्ड क. 48 सार्वजनिक मंच सुमेधा, 19 मई को शासकीय प्राथमिक शाला भवन भदरापारा, 20 मई को जोन कार्यालय बांकीमोंगरा, 23 मई को नवीन प्राथमिक शाला भवन पुरानी बस्ती कोरबा, 24 मई को जगन्नाथ मंदिर के समीप दादरखुर्द एवं 25 मई को जोन कार्यालय दर्री में शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा उक्त शिविरों का समय प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)